आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक
हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 13 अंक : 44 लखनऊ, मंगलवार 28 फरवरी 2023 से 06 मार्च 2023 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक

## राष्ट्रीय हित में है अग्निपथ योजना, दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज की सभी २३ याचिकाएं

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सरकार की सैन्य भर्ती योजना अग्निपथ की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखते हुए कहा कि उसे इस योजना में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं दिखता है। अदालत ने कहा, श्अग्निपथ योजना राष्ट्रीय हित में और यह सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई थी कि सशस्त्र बल बेहतर सुसज्जित हैं। मुख्य न्यायाध ीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमणियम प्रसाद की खंडपीठ ने फैसला सुनाया। योजना को चुनौती देने वाली कम से कम २३ याचिकाएं दायर की गई थीं और सभी याचिकाओं को अदालत ने खारिज कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल केंद्र की अग्निपथ योजना की शुरुआत के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों की जांच की मांग करने वाले एक वकील द्वारा दायर एक नई याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। सरकार द्वारा अग्निपथ योजना को इसके छोटे कार्यकाल और कम लाभ प्रदान करने के कारण शुरू करने के बाद देश के



कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। इस योजना में युवाओं को चार साल की अवधि के लिए अस्थायी रूप से रक्षा बलों में शामिल करने का प्रस्ताव है और उन्हें अग्निवीरों के रूप में जाना जाएगा। चार साल के बाद, चयनित उम्मीदवारों में से केवल २५ प्रतिशत सशस्त्र बलों की नियमित सेवा में समाहित किए जाएंगे, जबकि शेष सेवानिवृत्त हो जाएंगे। बाद में, सरकार ने २०२२ में भर्ती के लिए ऊपरी आयु सीमा को बढ़ाकर २३ वर्ष कर दिया। योजना को चुनौती देने और भर्ती प्रक्रियाओं को रोकने के लिए देश भर के उच्च न्यायालयों में कई याचिकाएँ दायर की गईं। सुप्रीम कोर्ट ने बाद में इन सभी मामलों को दिल्ली एचसी को स्थानांतरित कर दिया। पिछले साल १५ दिसंबर को, दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र की अग्निपथ योजना को चुनौती देने वाली और रक्षा सेवाओं में पिछली भर्ती योजना के अनुसार बहाली और नामांकन की मांग करने वाली याचिकाओं के एक बैच पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## सीएम योगी ने दारोगा भर्ती के चयनित उम्मीदवारों को दिए नियुक्ति पत्र

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पुलिस, पीएसी और अग्निशमन सेवा के ६०५५ चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कहा है कि कानून का राज सुशासन की पहली शर्त है। बदलते वक्त के साथ अपराध के तौर तरीके भी बदल रहे हैं। आज अपराध पर नियंत्रण के लिए तकनीक का इस्तेमाल महत्वपूर्ण होता जा रहा है। इस दौरान सीएम योगी ने युवा पुलिसकर्मियों को अपराधी से



१० कदम आगे के बारे में सोचने और लकीर का फकीर न बनने की सलाह दी। सीएम योगी ने कहा कि तभी अपराध पर प्रभावी नियंत्रण कर पाएंगे। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन कर संवाद किया। इस अवसर पर लखनऊ के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में दोनों डिप्टी सीएम भी मौजूद रहे। पीएम मोदी वर्चुयली जुड़े और अभ्यर्थियों से संवाद किया।

## भोपाल–उज्जैन पैसेंजर ट्रेन ब्लास्ट केस में दोषियों को सुनाई जाएगी सजा

लखनऊ। नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी, एनआईए की विशेष अदालत भोपाल–उज्जैन पैसेंजर ट्रेन ब्लास्ट केस में सजा सुनाएगी। ये सजा ८ आतंकियों को सुनाई जाएगी, जिन्हें कुछ देर पहले कड़ी सुरक्षा में कोर्ट लाया गया है। बताते चलें कि सभी आतंकियों को बीते शुक्रवार को कोर्ट ने दोषी करार दिया था। आठों आतंकियों पर देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने, आतंकी गतिविधियों के लिए धन, विस्फोटक और हथियार जुटाने के आरोप हैं। कोर्ट ने मोहम्मद फैसल, गौस मोहम्मद खान,



मोहम्मद अजहर, आतिफ मुजफ्फर, मोहम्मद दानिश, सैयद मीर हुसैन, आसिफ इकबाल रॉकी और मोहम्मद आतिफ ईरानी को ब्लास्ट केस में दोषी ठहराया था।बताते चलें कि ७ मार्च २०१७ को मध्य प्रदेश के जबड़ी रेलवे स्टेशन के पास भोपाल–उज्जैन पैसेंजर ट्रेन (५९३२०) में बम विस्फोट हुआ। इसमें ६ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ब्लास्ट के बाद डिब्बे में अफरा–तफरी मच गई। कुछ लोग ट्रेन से कूद गए। उसकी वजह से उन्हें चोटें आईं। इस घटना में १४ मार्च २०१७ को केंद्र सरकार ने जांच एनआईए को सौंप दी थी।

## ये युद्ध नहीं बल्कि कानून के शासन की बात है, ओआरओपी भुगतान पर सुप्रीम कोर्ट ने रक्षा मंत्रालय को लगाई फटकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सशस्त्र बलों के योग्य पेंशनभोगियों को किस्तों में वन रैंक–वन पेंशन (ओआरओपी) के बकाए के भुगतान के संबंध में २० जनवरी के संचार को लेकर सोमवार को रक्षा मंत्रालय को जमकर फटकार लगाई। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मंत्रालय में सचिव द्वारा जारी पत्र पर आपत्ति जताई और उन्हें अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए एक व्यक्तिगत हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। आप सचिव को बताएं कि हम २० जनवरी के उस पत्र के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई करने जा रहे हैं या तो इसे वापस लें, या हम रक्षा मंत्रालय को अवमानना नोटिस जारी करने जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा– ‘न्यायिक प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखनी होगी। यह युद्ध नहीं, बल्कि कानून के शासन की बात है। अपना घर व्यवस्थित करें। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एन वेंकटरमन ने अदालत से कहा कि मंत्रालय को अदालत के आदेश के अनुसार कवायद करने के लिए समय दिया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने होली की छुट्टी के बाद मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। शीर्ष अदालत ने नौ जनवरी को केंद्र को सशस्त्र बलों के सभी पात्र पेंशनभोगियों को ओआरओपी के कुल बकाये के भुगतान के लिए १५ मार्च तक का समय दिया था। पिछले महीने, सरकार ने सशस्त्र



बलों के सभी पात्र पेंशनरों को ओआरओपी योजना के बकाया भुगतान के लिए १५ मार्च, २०२३ तक समय बढ़ाने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था। पिछले साल जून में पहली बार शीर्ष अदालत का रुख करने और १६ मार्च, २०२२ के फैसले के अनुसार गणना करने और भुगतान करने के लिए तीन महीने का समय देने के बाद केंद्र सरकार को बकाया राशि का भुगतान करने के लिए शीर्ष अदालत द्वारा दिया गया यह दूसरा विस्तार है।

## जल निगम कार्मियों के लिए खुशखबरी, नव नियुक्त प्रबंध निदेशक ने स्वीकृति की एक माह की सैलरी

लखनऊ। बंटवारे के बाद से ही समय से वेतन न मिलने से परेशान जल निगम (नगरीय) के कर्मचारियों के लिए खुश खबरी है। नव नियुक्त प्रबंध निदेशक अनिल ढींगरा ने होली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए निगम ३०५३ कार्मिकों को एक माह का वेतन दिए जाने को स्वीकृति दे दी। जल निगम (नगरीय) प्रबंध निदेशक अनिल ढींगरा ने बताया कि ३०५३ कार्मिकों को एक माह का वेतन दिए जाने की स्वीकृति के साथ–साथ निगम से सेवानिवृत्त हो चुके ६६६१ पेंशनर्स को एक माह के पेंशन दिए जाने की भी स्वीकृति दी गई है। प्रबंध निदेशक के इस निर्णय से जल निगम कर्मचारियों एवं पेंशनर्स में खुशी की लहर है।

## विधानसभा स्पीकर के आवास पर विधायकों के लंच में शामिल हुए सीएम योगी और अखिलेश यादव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के स्पीकर सतीश महाना के आवास पर आज रविवार को विधायकों को लंच के लिए बुलाया गया है। लंच के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव भी शामिल



हुए हैं। वहीं सपा नेता महासचिव शिवपाल यादव भी शामिल हुए हैं। सतीश महाना ने नई परंपरा के तहत लंच के लिए सबको आमंत्रित किया है। बता दें कि यूपी के सभी ४०३ विधायकों को लंच के लिए बुलाया गया है।

# सम्पादकीय

## तुरंत लगाम लगाने की जरूरत

पंजाब में एक व्यक्ति खुलेआम खालिस्तान की वकालत करे, उसके एक साथी को रिहा कराने के लिए उसके सैकड़ों समर्थक अमृतसर में एक थाने पर धावा बोल दें, पुलिस उसे रिहा करने पर तैयार हो जाए और उस पर राज्य या केंद्र सरकारों की कोई प्रतिक्रिया नहीं आए– सामान्य स्थितियों में यह संभव नहीं हो सकता। लेकिन ऐसा हुआ है, और वह भी उस समय जब देश में कथित रूप से एक मजबूत सरकार है। 'वारिस पंजाब दे' नाम के संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह ने अपनी उग्र गतिविधियों और बयानों से जरनैल सिंह भिंडरावाले की याद दिला दी है। खुलेआम देश के गृह मंत्री की 'इंदिरा गांधी जैसी हालत' करने की धमकी देने वाले इस शख्स ने फिलहाल पंजाब पुलिस को अपने आगे समर्पण करने के लिए मजबूर कर दिया। उसके साथी लवप्रीत सिंह तूफान को जेल से छोड़ दिया गया। ऊपर से तुर्रा यह कि जिस मामले में तूफान को गिरफ्तार किया गया, उसमें उसके 'निर्दोष होने का सबूत' अमृतपाल के समर्थकों ने पुलिस के सामने रखा और पुलिस ने उसे स्वीकार कर लिया। यानी अब साक्ष्यों के बारे में फैसला करने का अधिकार पुलिस के पास आ गया है। या फिर कौन दोषी है– कौन निर्दोष यह तय करने का अधिकार ताकत और जनता के एक हिस्से में समर्थन रखने वाले गैर–सरकारी गुटों को मिल गया है। इस सिलसिले में यह कहा जा सकता है कि चूंकि बाकी देश में धार्मिक रूप से बहुसंख्यक समुदाय के गुट ऐसे 'अधिकार' को रोज ही जता रहे हैं, तो पंजाब में धार्मिक रूप से बहुसंख्यक समुदाय ने भी एक बार फिर यह राह पकड़ ली है। लेकिन जिन लोगों को सचमुच इस देश के भविष्य की चिंता है, उन्हें यह अवश्य ध्यान में रखना चाहिए कि रूल अफ ल (कानून के राज) को ऐसी चुनौतियां भारत को उथल–पुथल की दिशा में ले जा सकती हैं। इसलिए ऐसी प्रवृत्तियों पर तुरंत लगाम लगाने की जरूरत है। इसके लिए राज्य को सामुदायिक विवादों के बीच अपनी निष्पक्ष भूमिका फिर से हासिल करनी होगी और कानून को चुनौती देने वाले समूहों के खिलाफ पूरी सख्ती से पेश आना होगा।

# जल्द तैयार करें अंदाज-ए-अवध हेरिटेज कॉरिडोर मास्टर प्लान

लखनऊ। अंदाज–ए–अवध हेरिटेज करिडोर मास्टर प्लान जल्द तैयार करें और लखनऊ विकास प्राधिकरण के मास्टर प्लान में समायोजित करें। यह निर्देश मंडलायुक्तध्अध्यक्ष डॉ. रोशन जैकब ने अफसरों को दिए हैं। सोमवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण में मंडलायुक्त ने स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। नगर निगम के अधिकारी भी रहे। जिसमें



हेरिटेज करिडोर में किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की। उपाध्यक्ष ड. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि छोटा इमामबाड़ा, बड़ा इमामबाड़ा, नौबतखाना, रूमी गेट, घंटाघर, सहादत अली पार्क के दोनों डोम, दर्शन विलास व गुलिस्तां–ए–इरम में फसाड लाइटिंग का कार्य प्रगति पर है। जिसमें से अधिकांश कार्य २० मार्च तक कर लेंगे। इस दौरान मंडलायुक्त ने निर्देश दिए किए फूडकोर्ट एवं म्यूजियम का निर्माण जल्द कराएं। जिससे कि म्यूजियम में बनने वाले टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर का कार्य शुरू हो सके। अंदाज–ए–अवध हेरिटेज कॉरिडोर मास्टर प्लान भी जल्द तैयार कराकर प्राधिकरण द्वारा बनाए गए मास्टर प्लान में समायोजित करें। फ्रैगरेंस पार्क के अधिकारियों को निर्देशित किया कि एजेंसी के पास हॉर्टीकल्चर वर्क के लिए कोई अनुभवी कंसल्टेंट जरूर हो। जनेश्वर मिश्र पार्क में लगाए जा रहे वॉटर स्क्रीन मल्टीमीडिया लेजर शो में प्रदेश के इतिहास एवं सभ्यता को दर्शाया जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि हेरिटेज जोन के अंतर्गत छोटा इमामबाड़ा गेट, कैसरबाग रोटरी, अमीरउद्दौला लाइब्रेरी के बगल में स्थित वरिष्ठ नागरिक पार्क एवं पिक्चर गैलरी के बगल में कैफेटेरिया विकसित करने का कार्य भी सम्मलित करें। हेरिटोज जोन के कोर एरिया में प्लेसमेकिंग के कार्य फाइन आर्ट की थीम पर गुणवत्ता के साथ कराएं। बैठक में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, लविप्रा के सचिव पवन कुमार गंगवार, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, जोनल अधिकारी गौरव कुमार, प्रियंका सिंह, मुख्य अभियंता अवधेश तिवारी, एकेटीयू के फैकेल्टी अफ आर्किटेक्ट एंड प्लानिंग डिपार्टमेंट की डीन डॉ. वंदना सहगल समेत अन्य अधिकारी व आर्किटेक्ट रहे।

# राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सपा के हंगामें पर योगी का सवाल!

लखनऊ। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान समाजवादी पार्टी सदस्यों के हंगामें पर निशाना साधते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो मातृशक्ति का सम्मान नहीं कर सकता, देश की आधी आबादी के सम्मान की उम्मीद नहीं की जा सकती। बजट सत्र में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों द्वारा की गयी नारेबाजी और हंगामें पर अफसोस जताते हुये श्री योगी ने कहा कि राज्यपाल प्रदेश मे संवैधानिक प्रमुख होने के साथ साथ मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। मातृशक्ति होने के नाते उनको सुने जाने का सम्मान तो दिया ही जाना चाहिये था। जो मातृशक्ति का सम्मान नहीं कर सकते, वह देश की आधी आबादी का सम्मान कैसे करेंगे। उन्होंने कहा कि अक्सर संवैधानिक प्रमुख अपने अभिभाषण में सरकार की उपलब्धियों और भावी योजनाओं की चर्चा करता है। यह कोई नयी बात नहीं है। जब राज्यपाल चर्चा करती है तो उपलब्धियों और भावी योजनाओं का ही चित्रण होता है। ऐसे में उनके अभिभाषण के दौरान हंगामा करना और नारेबाजी करने को उचित नहीं कहा जा सकता। सपा सदस्यों के पास सदन में अपनी बात रखने का पूरा मौका था। श्री योगी ने सपा को निशाने में रखते हुये कहा, यदि आपके कारनामों से जनता आपको ठुकरा रही है तो इसके लिये यूपी की जनता दोषी नही है। यूपी की उपलब्धियों के बारे में हर को गौरव की अनुभूति होनी चाहिये। चाहे वह पक्ष का है विपक्ष का हो मगर इनकों तो यूपी को पिछडा और बीमारू दिखाने में गौरव की अनुभूति होती है जो इनकी कुत्सित मंशाओं को दर्शाता है। जब इनकी सरकार



थी तब कुछ कर नहीं सके और अब जब उत्तर प्रदेश विकास के रास्ते पर है तो इन्हे यह भी अब बुरा लगता है। पिछली सरकारों का भी आज की योजनाओं में कुछ योगदान हो सकता है मगर डबल इंजन की सरकार ने पहले से लंबित योजनाओं के साथ ही नयी योजनाओं को तेजी से आगे बढाया। उन्होंने कहा, यूपी की बुराई कर आप क्या साबित करना है। सच्चाई तो यह है कि वास्तव में सच स्वीकार करने की आप में हिम्मत नहीं है और नकारने की आदत ने यूपी को जिस स्थिति में पहुंचाया है। वह किसी से छिपा नहीं है। खाद्यान्न उत्पादन में आज उत्तर प्रदेश देश में नंबर एक पर है। प्रेंति और परात्मा की अपार कृपा का राज्य पर है। देश की कृषि भूमि का ११ फीसदी उप्र के पास है मगर देश की कुल उपज में यूपी २० फीसदी योगदान करता है। मटर,गेंहू,चना, गन्ना, और दूध उत्पादन में प्रदेश नम्बर एक पर है।" मुख्यमंत्री ने कहा कि एक करोड ७४ लाख गरीब परिवारों को मुफ्त में गैस कनेक्शन देने के मामले में उत्तर प्रदेश देश में नम्बर एक पर है। सर्वाधिक एक्सप्रेसवे आज उत्तर प्रदेश में है। स्ट्रीट वेंडरों को भरण पोषण भत्ता देने के मामले में प्रदेश नम्बर एक पर है।ेषि निवेश का क्षेत्र हो या देश में सबसे ज्यादा मेडिकल कालेज का निर्माण, यूपी आज देश में पहली पायदान पर है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने जाति धर्म के नाम पर योजनाओ का लाभ दिया मगर हमारी सरकार सबका साथ् सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र के साथ काम कर रही है। हम गरीब को शौचालय, आवास, मुफ्त राशन, पेंशन अथवा इलाज के लिये किसी जाति को नहीं देखते और समाज के सभी वर्गों को एक समान रूप से इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। योगी ने कहा कि महिला सुरक्षा और सम्मान के लिये उनकी सरकार कई मोर्चो पर एक साथ काम कर रही है जिसका परिणाम है कि महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गयी है। सुरक्षा बलों में महिलाओं की भर्ती की जा रही है। महिलाओं को ओडीओपी और अन्य योजनाओं से जोडा जा रहा है।

# सीएम योगी आदित्यनाथ और अखिलेश यादव के बीच अचानक छिड़ी जुबानी जंग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजनीति शनिवार को अचानक से तब गरमाई जब सदन में सीएम योगी को गुस्सा आ गया और उन्होंने समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व सीएम अखिलेश यादव पर पलटवार कर दिया। सीएम योगी का जवाब सुनकर पूरे सदन में शोर गूंज उठा। दरअसल, ये हंगामा सीएम योगी आदित्यनाथ और अखिलेश यादव के बीच अचानक छिड़ी जुबानी जंग को लेकर हुआ।



सीएम योगी सदन में राज्य के सुरक्षा को लेकर बोल रहे थे कि मुझे आश्वचर्य होता है कि राज्य के अंदर लोग सुरक्षा व्यवस्था की बात करते हैं.. इसी बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीच में बोल गए कि आपको शर्म आनी चाहिए। बस फिर क्या था सीएम योगी को आ गया एकदम से गुस्सा! सीएम योगी ने पूर्व सीएम अखिलेश यादव को करारा जवाब देते हुए कहा कि, शर्म तो तुम्हें आनी चाहिए कि अपने पिता का सम्मान नहीं कर पाए। इसके उन्होंने अखिलेश यादव को लेकर कहा कि ये किस तरह का आचरण है। सीएम ने पूछा कि मुझे किस बात की शर्म करनी चाहिए? विधानसभा में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान अखिलेश यादव प्रहार करते दिखाई दिए। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही अखिलेश यादव ने उमेश पाल हत्याकांड का मुद्दा उठाया। जिसका जवाब देते हुए सीएम योगी ने करारा हमला करते हुए कहा कि माफियाओं के कमर तोड़ने का काम हमारी सरकार ने किया है। प्रयागराज में राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या को लेकर भी दोनों में जोरदार बहस हुई। सीएम योगी ने कहा कि राज्य में गुंडे और माफिया सपा के द्वारा ही पाले हुए हैं। हालांकि, ये पहला मौका नहीं है जब सीएम योगी और सपा लीडर अखिलेश यादव के बीच सदन में बहस हुई हो। इससे पहले भी कई बार दोनों के बीच सदन में कई बार जबरदस्त बहस हो चुकी है।

# योगी राज से गदगद मोदी बोले, अपराध के लिए विख्यात उत्तर प्रदेश में अब तेजी से विकास

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उत्तर प्रदेश के कानून–व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि एक समय था जब उत्तर प्रदेश माफियाओं और ध्वस्त कानून व्यवस्था की वजह से जाना जाता था, लेकिन आज इसकी पहचान बेहतर कानून व्यवस्था और तेज गति से विकास की ओर अग्रसर राज्य के रूप में होती है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार ने लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत किया है। उत्तर प्रदेश में चयनित ६,०५५ पुलिस उप निरीक्षकों, प्रादेशिक सशस्त्र बल (पीएसी) के प्लाटून कमांडर और अग्निशमन अधिकारियों को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बांटे जा रहे नियुक्ति पत्र समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्ध्द्र मोदी ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से कहा, एक समय था जब उत्तर प्रदेश माफियाओं और ध्वस्त कानून व्यवस्था की वजह से जाना जाता



था, लेकिन आज इसकी पहचान बेहतर कानून व्यवस्था और तेजी से विकास कर रहे राज्य के रूप में होती है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का रिकर्ड किया हुआ वीडियो संदेश सुनाया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना एवं अन्य ने हिस्सा लिया। मोदी ने कहा कि यह अवसर ६,००० से अधिक परिवारों के चेहरे पर खुशी लेकर आया है और कहा कि इस नयी भर्ती से राज्य पुलिस बल और मजबूत होगा। मोदी ने कहा कि मुझे बताया गया कि २०१७ से जब से भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार आयी है, अब तक उत्तर प्रदेश पुलिस में डेढ़ लाख से ज्यादा नई नियुक्तियां हुई हैं। यानी भाजपा के शासन में रोजगार और सुरक्षा दोनों में बढ़ोतरी हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा, हम सब जानते हैं कि जहां भी कानून व्यवस्था मजबूत होती है, वहां रोजगार की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। जहां सुरक्षित माहौल बनता है, निवेश बढ़ने लगता है। मोदी ने कहा, इन दिनों रोजगार मेला मेरे लिए एक विशेष कार्यक्रम बन गया है। कई महीनों से मैं देख रहा हूं कि हर सप्ताह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित किसी न किसी राज्य में रोजगार मेले हो रहे हैं। हजारों नौजवानों को रोजगार के लिए नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। मेरा सौभाग्य है कि मुझे उसमें साक्षी बनने का अवसर मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि आज जिन्हें नियुक्ति पत्र मिला है, उन्हें एक बात का हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि आपके जीवन में नयी जिम्मेदारी, नयी चुनौतियां, नये अवसर आने वाले हैं, रोज नया अवसर आपके लिए इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से उत्तर प्रदेश के सांसद के तौर पर कह रहा हूं, भले आपको नियुक्ति पत्र मिला है, आपके नये जीवन की शुरुआत हुई है, लेकिन अपने भीतर के विद्यार्थी को कभी मरने मत देना। हर पल नया सीखना। क्षमता बढ़ाना है। उत्तर प्रदेश में वाराणसी लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले मोदी ने अनलाइन शिक्षा के साधनों का जिक्र करते हुए कहा कि अब तो अनलाइन शिक्षा के काफी साधन उपलब्ध हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपके प्रगति के लिए जरूरी है कि अपने जीवन को रुकने मत दीजिए। जीवन भी नयी ऊंचाइयों को पार करता चलें, इसलिए योग्यता को बढ़ाना है।

# सिसोदिया की गिरफ्तारी भाजपा की बड़ी साजिश का हिस्साः अखिलेश यादव

लखनऊ। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद पूरे देश की राजनीति में हलचल दिखाई देने लगी हैं। दिल्ली के १८ सरकारी विभागों को संभालने वाले सिसोदिया अपने उपर लगे सभी आरोपों को राजनीतिक बताते रहे हैं। आम आदमी पार्टी लगातार भाजपा की केंद्र सरकार पर निशाना साध रही है और सिसोदिया की गिरफ्तारी को गंदी राजनीति बता रही हैं। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित कई बड़े नेताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और २७ फरवरी को काला दिन बताया। मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी का विरोध केवल आम आदमी पार्टी ही नहीं बल्कि पूरा विपक्ष कर रहा है। उस कड़ी में अब अखिलेश यादव भी जुड़ गये हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भ्रष्टाचार के आरोप में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी की आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि यह कार्रवाई एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। अखिलेश ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी का जिक्र आने पर कहा यहां यह बात समझनी होगी कि इसमें कौनेकौन मिला हुआ है। यह एक बड़ी साजिश है। हमें तो यह पढ़ने को मिल रहा है कि भाजपा का कोई अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ है, वह भी इसमें शामिल है। उन्होंने कहा इस तरह के जितने भी विपक्षी नेता हैं, उनके खिलाफ जांच चल रही हैं। जितनी भी संस्थाएं हैं, चाहे आयकर विभाग हो, चाहे प्रवर्तन निदेशालय हो या सीबीआई हो, सबको लगाया जा रहा है ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव को प्रभावित किया जा सके। जनता यह देख रही है।



सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा के पास बेरोजगारी और महंगाई का कोई जवाब नहीं है। जिस तरीके से देश की संपत्तियां बेची जा रही हैं.... सरकार के पास उसका भी जवाब नहीं है। आप उत्तर प्रदेश को ही देख लीजिए। यहां की राज्यपाल के अभिभाषण में राज्य में बेरोजगारी की दर चार प्रतिशत बताई जा रही है। बजट भाषण में भी चार प्रतिशत बेरोजगारी दर बताई गई है। इसका मतलब यह हुआ उत्तर प्रदेश के ६० प्रतिशत से अधिक पढ़नेलिखने वाले नौजवानों को रोजगार या नौकरी मिली हुई है मगर क्या यह सच है? इससे पहले, अखिलेश ने सोमवार को एक ट्वीट में भी कहा दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले मनीष सिसोदिया जी को गिरफ्तार करके भाजपा ने साबित कर दिया है कि वह शिक्षा ही नहीं बल्कि दिल्ली के बच्चों के भविष्य के खिलाफ भी है। दिल्ली की जनता इसका जवाब अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को राज्य की सातों सीटें हराकर देगी। एक अन्य ट्वीट में सपा अध्यक्ष ने कहा मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी ने साबित कर दिया है कि भाजपा सरकार वर्ष २०२४ से पहले ही अपनी हार मान चुकी है, इसीलिए अलग– अलग प्रदेशों में विपक्षी राजनीतिक शक्तियों को झूठे मुकदमों में फँसा रही है, लेकिन संघर्षशील लोग जेल जाने से नहीं डरते।सच को भला कब तक गिरफ्तार रखा जा सकता है। गौरतलब है कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने वर्ष २०२१–२२ की आबकारी नीति लागू करने में कथित भ्रष्टाचार को लेकर दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को करीब आठ घंटे की पूछताछ के बाद रविवार शाम गिरफ्तार कर लिया।

# अतीक अहमद की पत्नी ने उमेश पाल हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग की

लखनऊ। माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन ने शुक्रवार को उमेश पाल की दिनदहाड़े हुई हत्या की जांच सीबीआई से कराने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सोमवार को एक पत्र लिखा। मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र में शाइस्ता परवीन ने कहा है, ”शुक्रवार की घटना अत्यंत दुखद और निंदनीय है। इस घटना को लेकर उमेश पाल की पत्नी की ओर से मेरे पति अतीक अहमद, मेरे देवर खालिद अजीम उर्फ अशरफ, मुझे और मेरे बेटों समेत नौ लोगों को नामजद करते हुए नौ अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।“ पत्र में कहा गया है, ”इसमें मेरे पति, देवर और बेटों पर षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया गया है, और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मेरे बेटे अली को शूटर बताया गया है जबकि यह आरोप बिल्कुल निराधार है।“ शाइस्ता परवीन के मुताबिक, ”सत्यता यह है कि जबसे बसपा ने मुझे प्रयागराज से महापौर का उम्मीदवार घोषित किया है, तबसे यहां के एक स्थानीय नेता और आपकी सरकार में कैबिनेट मंत्री ने महापौर का पद अपने पास बनाए रखने के लिए हमारे खिलाफ साजिश करना शुरू कर दिया और इसी साजिश के तहत एक ऐसे व्यक्ति की हत्या करवाई गई जिसका आरोप मेरे पति पर लगना स्वभाविक है।“ उन्होंने कहा, ”उमेश पाल, राजू पाल हत्याकांड में गवाह नहीं थे, बल्कि वह धूमनगंज थाना में दर्ज अपहरण के मुकदमे में वादी थे जिसमें उनकी गवाही १६ और १७ अगस्त, २०१६ को दर्ज हो चुकी है।“ पत्र में लिखा गया है, ”चूंकि प्रयागराज पुलिस पूरी तरह से आपके मंत्री के दबाव में काम कर रही है इसलिए रिमांड के बहाने एक साजिश के तहत मेरे पति और देवर को जेल से बुलाकर रास्ते में उनकी हत्या कराई जा सकती है। ” उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को उमेश पाल और उनके एक सुरक्षाकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हमले में एक अन्य सुरक्षाकर्मी गंभीर रूप से घायल हुआ जिसे रविवार को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। इस हत्याकांड को लेकर उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने शनिवार को धूमनगंज थाना में एफआईआर दर्ज कराई जिसमें पूर्व सांसद अतीक अहमद, अतीक के भाई अशरफ, अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन, अतीक के दो बेटों, अतीक के साथी गुड्डू मुस्लिम और गुलाम और नौ अन्य साथियों के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा १४७, १४८, १४९, ३०२, ३०७, ५०६, १२०–बी, ३४, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, १९०८ की धारा तीन और आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, १९३२ की धारा सात के तहत मामला दर्ज कराया था।

# सपा विधायक पूजा पाल ने की सीएम योगी से वाई प्लस सुरक्षा की मांग, बताया जान का खतरा

लखनऊ। बसपा के तत्कालीन विधायक राजू पाल की पत्नी और कौशाम्बी से सपा विधायक पूजा पाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर वाई प्लस सुरक्षा की मांग को लेकर पत्र दिया है। उन्होंने पत्र में लिखा कि उन्हें भी जान का खतरा है। पूजा पाल ने कहा कि जिस तरह दिनदहाड़े उनके पति राजू पाल की हत्या के गवाह उमेश पाल और उनके दो सुरक्षाकर्मियों की गोलियां बरसाकर और बम मारकर हत्या कर दी गई, जिससे वह और उनका परिवार काफी ज्यादा भयभीत है। उन्होंने अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए वाई प्लस सुरक्षा की मांग





की है। बता दें कि सोशल मीडिया पर पूजा पाल का एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पूजा पाल उमेश पाल के घर गई हुई हैं। वहीं वीडियो में पूजा पाल से उमेश पाल के परिजन से बहस करते नजर आ रहे हैं।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक में किया बड़ा रोड शो

नई दिल्ली। कर्नाटक विधानसभा के आसन्न चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां एक बड़ा रोड शो किया।



इस दौरान उनकी एक झलक पाने के लिये बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। अपनी चलती कार के 'रनिंग बोर्ड' पर खड़े होकर मोदी ने सड़कों के किनारे और आस–पास की इमारतों पर जमा भीड़ का अभिवादन किया। इस दौरान लोग 'मोदी–मोदी' के नारे लगाते नजर आए। प्रधानमंत्री कई विकास पहलों की आधारशिला व कई अन्य के लोकार्पण के लिये शहर में थे। इनमें 'पीएम–किसान सम्मान निधि' योजना के तहत १६,८०० करोड़ रुपये से अधिक की १३वीं किस्त जारी करना शामिल है। केंद्र द्वारा २०१६ में शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत, देश के सभी किसान परिवारों को हर चार महीने में २,००० रुपये की तीन किस्तों में ६,००० रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। मालिनी सिटी (मंचीय कार्यक्रम स्थल) तक के लगभग साढ़े दस किलोमीटर लंबे रोड शो मार्ग को भगवा रंग, भाजपा के झंडों, पोस्टर व बैनर से सजाया गया था। उनके काफिले के गुजरने के दौरान कई जगहों पर लोगों ने उन पर पुष्पवर्षा भी की। साड़ी और भगवा पेटा (पारंपरिक साफा) में १०,००० से अधिक महिलाओं ने मोदी का 'पूर्णकुंभ' (औपचारिक) स्वागत किया। इसके साथ ही रोड शो के दौरान कई जगह सड़क के किनारे बनाए गए मंचों से कलाकारों ने देश के विभिन्न हिस्सों की संस्कृति व परंपराओं तथा ऐतिहासिक विभूतियों पर आधारित प्रस्तुति दी। भाजपा शासित कर्नाटक में मई में विधानसभा चुनाव होना है। कर्नाटक में २७ विधानसभा क्षेत्रों (अनेकल सहित २८) के साथ बेंगलुरु शहरी सबसे बड़ा जिला है। इसके बाद महाराष्ट्र की सीमा से लगा बेलगावी १८ सीट के साथ राज्य का दूसरा सबसे बड़ा जिला है। भाजपा ने २०१८ में बेलगावी में १३ सीट जीती थीं और राज्य में १०५ सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी।

## बेलगावी की धरती पर आना तीर्थयात्रा से कम नहीं, २,७०० करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को समर्पित करते हुए बोले पीएम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेलगावी में २,७०० करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की बहु–विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने के साथ ही पुनर्विकसित बेलगावी रेलवे स्टेशन भवन को राष्ट्र को समर्पित किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेलगावी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की १३वीं किस्त जारी की। पीएम मोदी ने कहा कि आपका (बेलगावी की जनता) ये प्यार और आशीर्वाद पाकर हम सभी को दिन रात मेहनत करने की प्रेरणा मिलती है। बेलगावी की धरती पर आना किसी तीर्थयात्रा से कम नहीं है। केंद्रीय ृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि दुनिया का अभिनव कार्यक्रम



है। इतनी बड़ी राशि लोगों के खाते में अंतरण हो ऐसा दुनिया के किसी देश में नहीं होता। च्ड ने अब तक १२ किस्तों में लगभग ११.५ करोड़ किसानों के खातों राशि ट्रान्सफर की गई है।

## राहुल और जयशंकर के बीच छिड़ी जुबानी जंग, चीन को लेकर राहुल ने देशभक्ति पर उठाए सवाल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर पर निशाना साधते हुए पूछा कि 'किस तरह की देशभक्ति और राष्ट्रवाद' ने मंत्री को यह कहने के लिए मजबूर कर दिया कि भारत चीन के साथ लड़ाई नहीं कर सकता क्योंकि चीनी अर्थव्यवस्था हमसे बड़ी है। गांधी ने यह आरोप लगाते हुए



एक बार फिर पीएम को निशाने पर लिया कि मोदी हिंडनबर्ग–अडानी मुद्दे पर उनके सवालों का जवाब देने से इनकार कर रहे हैं और मंत्री समूह को ष्बचाने की कोशिशष कर रहे हैं क्योंकि ष्अडानी जी और मोदीजी एक हैं। उन्होंने समूह की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से की। रायपुर अधिवेशन को संबोधित करते हुए गांधी ने सीमा विवाद पर मंत्री जयशंकर की टिप्पणी पर चुटकी लेते हुए कहा, ''इस सरकार की सोच देखिए। कुछ दिन पहले एक इंटरव्यू में एक मंत्री ने कहा था, चीन की अर्थव्यवस्था भारत की अर्थव्यवस्था से बड़ी है और कैसे? क्या हम उनसे लड़ सकते हैं? जब अंग्रेजों ने हम पर शासन किया था, तो क्या इसकी (ब्रिटिश) अर्थव्यवस्था हमसे छोटी थी? इसका (मंत्री की टिप्पणी) मतलब है कि जो मजबूत हैं उनसे कभी न लड़ें और केवल कमजोरों से लड़ें। इसे कायरता कहा जाता है, सावरकर के सामने झुकने की विचारधारा द पावरफुल... क्या इसे राष्ट्रवाद कहते हैं...देशभक्ति?ये कैसी देशभक्ति और राष्ट्रवाद है?' पलटवार में एस जयशंकर ने बिना नाम लिए १६६२ के युद्ध का जिक्र करते हुए चीन से पराजय का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने जवानों को एलएसी पर पूरी तैयारी के साथ भेजा है। जबकि, पहले जवानों को बिना तैयारी के भेजा गया और उसका नतीजा हम देख चुके हैं। उन्होंने आश्वासन देते हुए आगे कहा कि मैं आपको बता सकता हूं कि पूरी दुनिया ने इस पर ध्यान दिया है। जयशंकर ने पिछले सप्ताह एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा था, 'देखिए वे (चीन) बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। मैं क्या करने जा रहा हूं? एक छोटी अर्थव्यवस्था के रूप में, मैं बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ लड़ाई करने जा रहा हूं?' यह प्रतिक्रियावादी होने का सवाल नहीं है, यह सामान्य ज्ञान का सवाल है।

# दिल्ली से बिहार जा रही बस मथुरा में पलटी

मथुरा। मथुरा जिले के सुरीर कोतवाली इलाके में दिल्ली से बिहार के दरभंगा जा रही एक डबल डेकर निजी बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गयी जिससे इसमें तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि ३० से अधिक यात्री घायल हो गये। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (देहात)त्रिगुण बिसेन ने बताया कि रविवार की रात यह दुर्घटना एक्सप्रेस–वे पर सुरीर कोतवाली क्षेत्र में हुयी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना का शिकार होने वाली बस दिल्ली के नरेला से बिहार के दरभंगा जा रही थी और इस बस में दिल्ली के विभिन्न इलाकों में रहकर काम करने वाले मजदूर होली के अवसर पर अपने गांव जा रहे थे। बिसेन ने बताया कि संभवतरू चालक को झपकी आ गई और बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। बस पलटने के साथ ही सवारियों में चीखेंपुकार मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया और तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतकों की पहचान रोशन कुमार



(३६), रामकुमार (४५) तथा एक अन्य राम कुमार (३५)के रूप में की गयी है। रोशन बेगुसराय का जबकि दोनों अज्ञय दरभंगा जिले के रहने वाले हैं। इस घटना की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए घायलों को बेहतर उपचार दिलवाने के निर्देश दिए हैं। रविवार रात हुये इस हादसे के बाद जिलाधिकारी पुलकित खरे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश कुमार पांडेय के साथ मौके पर पहुंचे। एसएसपी ने कहा, मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया है। जिला अस्पताल मथुरा के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ड. मुकुंद बंसल ने कहा कि रविवार की आधी रात को सत्रह घायल यात्रियों को अस्पताल लाया गया। उन्होंने कहा कि इनमें गंभीर रूप से घायल छह यात्रियों को एसएन मेडिकल कलेज आगरा भेजा गया जबकि बाकी ११ मथुरा के अस्पताल में भर्ती हैं और उनका बेहतर उपचार किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि आंशिक रूप से घायल कई यात्री प्राथमिक उपचार के बाद घर चले गये।

# अडाणी मुद्दे से लोगों का ध्यान हटाने के लिए सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया : आप

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और केंद्र पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी ''भाजपा की तानाशाही के अलावा और कुछ नहीं'' है। सिंह ने कहा कि अडाणी मामले में लोगों का ध्यान भटकाने के लिए यह कार्रवाई की गई है। सिंह ने कहा, ''गरीब बच्चों के कल्याण के लिए जी तोड़ मेहनत करने वाले नेता को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। मनीष सिसोदिया के घर पर छापेमारी की गई, लेकिन कुछ नहीं मिला। अडाणी को लेकर मचे हंगामे से जनता का ध्यान भटकाने के लिए ऐसा किया जा रहा है।'' संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा उन नेताओं और उनकी पार्टियों को ''परेशान'' कर रही है, जिन्होंने अडाणी मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की मांग की थी। सिंह ने आरोप लगाया, ''उन्होंने उन नेताओं को परेशान करना शुरू कर दिया है, जो अडाणी मामले की जेपीसी जांच की मांग कर रहे थे। सीबीआई, सेबी, आयकर विभाग सब खामोश हैं। एक तरफ अडाणी हैं, जो करोड़ों रुपये की हेराफेरी कर रहे हैं और बिना किसी जांच के खुलेआम घूम रहे हैं तथा दूसरी तरफ वे एक ऐसे नेता को गिरफ्तार कर रहे हैं, जो समर्पित रूप से काम कर रहे हैं।'' अमेरिका की 'हिंडनबर्ग रिसर्च' ने अडाणी समूह की कंपनियों पर शेयर कीमतों में हेराफेरी करने के आरोप लगाए थे। अडाणी समूह ने आरोपों को झूठ बताते हुए खारिज कर दिया है। सिंह ने दावा किया कि भाजपा आप की उपलब्धियों और लोकप्रियता से 'ईर्ष्या' करती है। उन्होंने कहा, ''भाजपा आम आदमी पार्टी की उपलब्धियों और बढ़ती लोकप्रियता से जलती है...मैंने कल कहा था कि यह तानाशाही की पराकाष्ठा है और मैं उस बयान को दोहराता हूं। लेकिन लोग सब कुछ देख रहे हैं और वे न्याय सुनिश्चित करेंगे। यह तानाशाही है। जल्द इस तानाशाही का अंत होगा।'' उन्होंने कहा कि आप आंदोलन से पैदा हुई है और इसके नेता जेल जाने से नहीं डरते। दिल्ली पुलिस पर हमला करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि आप के कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने के लिए पुलिसकर्मियों को आप कार्यालय के भीतर भेजा गया। सिंह ने आरोप लगाया, ''पुलिसकर्मी हमारे पार्टी कार्यालय के अंदर आए और हमारे कार्यकर्ताओं तथा नेताओं को हिरासत में ले लिया। यह भाजपा की तानाशाही की पराकाष्ठा है। दिल्ली पुलिस और तमाम केंद्रीय एजेंसियां भाजपा के इशारे पर काम कर रही हैं।

# सिसोदिया को गिरफ्तार करना मोदी की सरकार का कायरतापूर्ण परिचय : आप

नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाला मामले में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) आज देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी. सिसोदिया को २०२१–२२ के लिए आबकारी नीति के विभिन्न पहलुओं पर लगभग आठ घंटे की पूछताछ के बाद शराब की बिक्री से संबंधित अब रद्द की गई नीति में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में गिरफ्तार किया गया था। आप नेता जल्द ही पार्टी कार्यालय पहुंचेंगे और सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि मनीष सिसोदिया को राजनीतिक दबाव में गिरफ्तार किया गया है। आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने कहा कि मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करना मोदी की सरकार का कायरतापूर्ण परिचय



है, ये उनकी कायरतापूर्ण कार्रवाई है और दूसरी तरफ मोदी जी के मित्र अडानी है जिन्होंने लाखों–करोड़ का घोटाला किया लेकिन उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मैं पीएम से पूछना चाहता हूं कि आप अपने मुंह से अडानी का नाम क्यों नहीं लेते?आपके पास हिम्मत नहीं कि आप अडानी के खिलाफ कार्रवाई कर सकें। उनकी सरकार अडानी की नौकर है और हम उनसे नहीं डरते हैं। आपको जितना जेल में डालना हो डालिए लेकिन आपके भ्रष्टाचार के खिलाफ हम लड़ते रहेंगे। दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने कहा कि जिस तरह से मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी हुई और अडानी से यारी जारी है यह सवाल उठाता है कि देश में लोकतंत्र खत्म हो चुका है। यह सारे मंत्रियों को गिरफ्तार कर लें उसके बाद भी सरकार और लड़ाई भी चलेगी। वह बताएं कि उन्होंने छापे किए उसमें क्या मिला?

# उमेश पाल हत्याकांड में उत्तर प्रदेश पुलिस का एक्शन, एनकाउंटर में मारा गया शूटर आरोपी

लखनऊ। उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी एक व्यक्ति को मुठभेड़ में मार गिराया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस के स्पेशल अपरेशंस ग्रुप और जिला पुलिस ने प्रयागराज के नेहरू पार्क में आरोपी अरबाज को गोली मार दी। २००५ के बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की शुक्रवार शाम उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में उनके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। प्रयागराज में भ्लनदकंप ब्तमजैन्ट की पिछली सीट से उतर रहे उमेश पाल की एक अज्ञात व्यक्ति ने गोली मारकर हत्या कर दी। पाल को स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पाल की पोस्टमर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि उसे सात गोलियां मारी गई थीं। हत्या के बाद उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने प्रयागराज पुलिस से संपर्क किया और प्राथमिकी दर्ज की। पूर्व सांसद अतीक अहमद के भाई, पत्नी साहिस्ता प्रवीण और उनके बेटों अहजान और अबान और कई अन्य के खिलाफ आईपीसी और विस्फोटक अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। उमेश पाल की हत्या के मामले में भाजपा नेता राहिल हसन के भाई गुलाम का नाम लिया गया है, जिसके बाद उन्हें भगवा पार्टी से हटा दिया गया था। पूर्व सांसद अतीक अहमद के छोटे भाई खालिद अजीम को हराकर अपने चुनावी पदार्पण में इलाहाबाद (पश्चिम) विधानसभा सीट जीतने के महीनों बाद राजू पाल की हत्या कर दी गई थी। उत्तर प्रदेश पुलिस ने हमलावरों की तलाश के लिए १० टीमों का गठन किया और सीमाओं, बस स्टैंड और हवाई अड्डे सहित प्रयागराज से बाहर निकलने के सभी मार्गों की बड़े पैमाने पर जांच कर रही है। उमेश पाल की हत्या के मामले में अब तक उत्तर प्रदेश पुलिस ने अतीक के रिश्तेदारों सहित ४० से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। उत्तर प्रदेश पुलिस अतीक खान से पूछताछ करने के लिए तैयार है, जो वर्तमान में अहमदाबाद की साबरमती जेल में बंद है, क्योंकि उनका मानना है कि उसने उमेश पाल को मारने की साजिश रची थी। इस बीच अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर उमेश पाल हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने प्रयागराज के पुलिस आयुक्त रमेश शर्मा और एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश पर विरोधियों के साथ मिलकर अपने पति अतीक अहमद और अतीक के छोटे भाई अशरफ की हत्या का ठेका लेने का आरोप लगाया।

# सड़क दुर्घटना में चार की मौत, चार घायल

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ (च्तांजंचहंती) जिले में दो अलग–अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में पिता–पुत्री समेत चार लोगों की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गये। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, जिले के थाना जेठवारा क्षेत्र के भावनपुर गांव के निकट शनिवार–रविवार की रात दो बाइक की टक्कर में पिता–पुत्री की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। वहीं, थाना कोतवाली लालगंज क्षेत्र के तिना मोड़ पर कार की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गयी। पर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) पश्चिमी, रोहित मिश्रा ने बताया कि थाना जेठवारा क्षेत्र के भावनपुर गांव के निकट दो बाइक की टक्कर में अजय मोदनवाल (४५), उनकी पत्नी सुनीता (४२) और बेटी प्राची (आठ) एवं बेटा कार्तिकेय (१०) और




दूसरी बाइक सवार जाकिर (१८) एवं रजी (२०) घायल हो गए। एएसपी ने बताया कि सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बाघराय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने अजय और उसकी बेटी प्राची को मृत घोषित कर दिया जबकि चारों घायलों का उपचार मेडिकल कॉलेज में हो रहा है। उन्होंने बताया कि दूसरी घटना थाना कोतवाली लालगंज क्षेत्र के लखनऊ–वाराणसी राजमार्ग पर तिना मोड़ के निकट की है। उन्होंने बताया कि इस हादसे में कार की चपेट में आने से बाइक सवार बब्लू विश्वकर्मा (२२) और सतीश (२२) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। एएसपी ने बताया कि चिकित्सकों नें दोनों को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# चीन व पाक में प्रशिक्षित खतरनाक आदमी मुंबई में, खुफिया एजेंसियां अलर्ट

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान, चीन और हांगकांग में प्रशिक्षित एक खतरनाक आदमी के मुंबई में घुसने




पर मुंबई पुलिस को सतर्क कर दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मुंबई पुलिस को कुछ दिनों पहले एनआईए से एक ईमेल प्राप्त हुआ था, इसमें केंद्रीय जांच एजेंसी ने दावा किया था कि सरफराज मेमन नामक शख्स कानून और व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा हो सकता है। एनआईए ने ईमेल में कहा, अब वह मुंबई पहुंच गया है। आपको और सतर्क रहने की जरूरत है। वह खतरनाक है। मूल रूप से वह इंदौर का रहने वाला है। एजेंसी ने मुंबई पुलिस के साथ उसका आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज भी साझा किए हैं। सूचना मिलने के बाद मुंबई पुलिस ने इस सिलसिले में इंदौर पुलिस को भी इस शख्स के बारे में और जानकारी जुटाने के लिए कहा। सूत्रों ने कहा कि मेमन को गिरफ्तार करने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है।

# फैक्ट्री में लगी भीषण आग

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में दिल्ली–लखनऊ नेशनल हाईवे स्थित सूर्या थर्माकोल फैक्ट्री में आज भीषण आग लग गई। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को यहां बताया कि दिल्ली लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गांगन नदी के समीप सूर्या थर्माकोल फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि ऊंची ऊंची उठती लपटों के बीच आसमान में धुआं छा गया। फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच कर आग बुझाने में जुट गईं। दमकलकर्मियों और स्थानीय पुलिस के अथक प्रयासों से आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने की वजह और इस दुर्घटना से हुए नुकसान का पता लगाया जा रहा है।

## डिप्टी रेंजर ने सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर दी जान

श्रावस्ती। श्रावस्ती में तैनात डिप्टी रेंजर ने अपनी सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर खुदकुशी कर ली है। डिप्टी रेंजर राम मनोहर गिरण्ट रेंज में तैनात थे। हालाँकि अभी तक गोली मारकर आत्महत्या करने का पता नहीं चल सका है। पूरा मामला भिनगा कोतवाली क्षेत्र के भिनगा रेन्ज का बताया जा रहा है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और सर्विस रिवॉल्वर को अपने कब्जे में ले लिया है।

## भागवत कथा सुन रहे लोगों को कार ने रौंदा

सीतापुर। सीतापुर जिले के संदना थाना क्षेत्र के एक गांव में भागवत कथा सुन रहे श्रद्धालुओं के पंडाल में दुर्घटनावश एक कार के घुस जाने से उससे कुचलकर आकर आठ माह के बच्चे की मौत हो गयी जबकि १४ लोग घायल हो गये। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। सीतापुर के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) एनपी सिंह ने कहा, संदना क्षेत्र के मुड़िया गांव में एक पंडाल में शनिवार रात भागवत कथा चल रही थी, तभी पंडाल के बाहर खड़ी एक कार को चालक रजनीश ने गलती से चला दिया और कार ने पंडाल में बैठे लोगों को टक्कर मार दी जिससे आठ माह के एक बच्चे की मौत हो गयी और पुरुष एवं महिलाओं समेत १४ लोग घायल हो गये।' एएसपी ने कहा कि घायलों को सीएचसी सिधौली ले जाया गया, जहां से चार लोगों को ट्रमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि कार उसी गांव के निवासी अरविंद की है जो लखनऊ रहता है और भागवत कथा के लिए आया था। उसका चालक रजनीश कार में था और घटना के वक्त उसने नशे में होने की बात कही। रजनीश को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## तीन अपर पुलिस उपायुक्त का तबादला

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कानून व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त करने के लिए तीनों जोन के अपर पुलिस उपायुक्त के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। पुलिस प्रवक्ता धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईपीएस शक्ति मोहन अवस्थी को नोएडा जोन का, जबकि राजीव दीक्षित को सेंट्रल जोन का और अशोक कुमार को ग्रेटर नोएडा क्षेत्र का अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। शुक्ला के मुताबिक, हिरदेश कठेरिया को पुलिस कमिश्नर का स्टाफ अफसर नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि सेंट्रल जोन के एडीसीपी विशाल पांडे को अपर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय और अपर पुलिस उपायुक्त दिनेश कुमार सिंह को अपर पुलिस उपायुक्त सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाया गया है।

# लश्कर के तीन आतंकियों को उम्र कैद की सजा

लखनऊ। रामपुर सीआरपीएफ कैंप की आतंकी घटना में शामिल रहे लश्कर–ए–तैयबा के आतंकियों सबाउद्दीन उर्फ सबा, इमरान शहजाद उर्फ अबू ओसामा व मोहम्मद फारुख उर्फ अबु उर्फ जुल्फकार को एटीएस के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने देश के विरुद्ध युद्ध छेड़ने व एके–४७ समेत विस्फोटक रखने के आरोपों में दोषी करार देते हुए, उम्र कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने सबाउद्दीन उर्फ सबा तथा इमरान शहजाद उर्फ अबू ओसामा पर १५ हजार पांच सौ रुपये जबकि मोहम्मद फारुख उर्फ अबु उर्फ जुल्फकार पर २२ हजार पांच सौ रुपये जुर्माना लगाया है। तीनों आतंकियों को रामपुर सीआरपीएफ कैम्प पर हमले के मामले में रामपुर की सत्र अदालत से फांसी की सजा भी मिली हुई है। अदालत में सजा सुनाए जाने के समय तीनों आरोपी जेल से उपस्थित थे। अदालत में इस मामले के विशेष लोक अभियोजक नागेंद्र गोस्वामी ने बताया कि जनवरी २००८ को सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर रामपुर में आतंकवादी हमले से सम्बंधित आतंकियों की तलाश व गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया था। कहा गया कि टीम द्वारा



विभिन्न स्रोतों से काफी समय से इस घटना में शामिल आतंकी संगठन के सदस्यों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां संकलित की गई थी। १० फरवरी, २००८ को एसटीएफ ने उक्त तीनों आतंकियों को चारबाग इलाके से गिरफ्तार किया था। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि लश्कर–ए–तोयबा के तीन खूंखार आतंकी नौचंदी एक्सप्रेस से लखनऊ पहुंचने वाले हैं, वे लखनऊ में किसी व्यक्ति से मुलाकात कर मुम्बई के लिए रवाना होंगे, इस सूचना की पुष्टि एसटीएफ की रामपुर में मौजूद टीम ने भी की थी। अभियोजन के अनुसार यह भी सूचना मिली थी कि इनके पास तीन एयर बैग है जिसमें अत्याधुनिक असलहे व विस्फोटक सामग्री मौजूद है। इस मामले की एफआईआर एसटीएफ के निरीक्षक नवेन्दु कुमार ने थाना हुसैनगंज में दर्ज कराई थी। बाद में विवेचना एटीएस को सौंप दी गई थी। सरकारी वकील एमके सिंह के मुताबिक एटीएस ने इनके खिलाफ भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध की साजिश रचने, युद्ध की तैयारी के इरादे से गोला बारुद इकक्ठा करना, युद्ध को आसान बनाने के इरादे को छिपाना, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम व विदेशी अधिनियम की धाराओं में छह अलग–अलग आरोप पत्र दाखिल किया था।

# उमेश पाल की हत्या के विरोध में अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय विधिज्ञ परिषद के आह्वान पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता उमेश पाल की नृशंस हत्या के विरोध में सोमवार को दोपहर साढ़े बारह बजे के बाद न्यायिक कार्य से विरत रहे। उमेश पाल अधिवक्ता थे और बार एसोसिएशन के सदस्य भी थे। बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड में गवाह रहे उमेश पाल और उनके सुरक्षाकर्मी की शुक्रवार की शाम गोली मारकर हत्या कर दी गई। इससे पूर्व, सोमवार को पूर्वाह्न ११ बजे बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह की अध यक्षता में सदस्यों की एक बैठक हुई जिसमें उन्होंने अपने साथी उमेश पाल की हत्या के विरोध में न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। बार एसोसिएशन ने प्रस्ताव पारित कर इस हत्याकांड के दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किए जाने के साथ ही मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी दिए जाने और ५० लाख रुपये मुआवजा दिए जाने की मांग की गई। एसोसिएशन ने अधिवक्ता सुरक्षा कानून को लागू किए जाने की भी मांग की ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। मृतक के परिजनों को संकट की इस घड़ी में सांत्वना देने के लिए अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही उनसे मुलाकात करेगा।

# ट्रक से सफाई कर्मी की मौत से आक्रोशित बीस ट्रकों में की तोड़फोड़

बलिया। बलिया जिला मुख्यालय के शहर कोतवाली क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से एक सफाई कर्मी की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने चक्का जाम किया तथा कम से कम बीस ट्रकों में तोड़फोड़ की। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के रेलवे स्टेशन मालगोदाम रोड पर शनिवार की रात सड़क पार कर रहे सफाई कर्मी सूरज (३०) की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के समय सूरज दवा लेने जा रहा था। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने चक्का जाम किया तथा आवागमन बाधित कर दिया। उग्र लोगों ने इस दौरान कई ट्रकों में तोड़फोड़ की। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा आक्रोशित लोगों से मांग पत्र लिया तथा उन्हें समझा बुझाकर चक्का जाम समाप्त कराया। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ)



राजीव सिंह ने रविवार को बताया कि चक्का जाम के दौरान पथराव कर कम से कम बीस ट्रकों में तोड़फोड़ की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। इसके साथ ही पुलिस तोड़फोड़ करने वाले उपद्रवी तत्वों को चिन्हित कर रही है। उपद्रवी तत्वों के विरुद्ध भी मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्यों को मिली बड़ी राहत, आदेश

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश भर के इंटर कॉलेजों और हाई स्कूलों में वर्ष २०१३ के विज्ञापन संख्या ३ के क्रम में की गई प्रधानाचार्यों की नियुक्तियों के मामले में स्थगन आदेश पारित किया है। न्यायालय ने यह अंतरिम राहत एकल पीठ द्वारा उक्त नियुक्तियों को रद् करने के फैसले के विरुद्ध दाखिल विशेष अपील पर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने श्याम शंकर उपाध्याय व अन्य तथा यूपी सेकेंड्री एजुकेशन सर्विसेज, इलाहाबाद की ओर से दाखिल दो अल–अलग अपीलों पर पारित किया है। न्यायालय ने पाया कि बड़ी मात्रा में हो चुकी नियुक्तियाँ एकल पीठ के निर्णय से प्रभावित होंगी तथा अपीलार्थीगण प्रधानाचार्य के पद पर दिसम्बर २०२२ से कार्य भी कर रहे हैं। न्यायालय ने कहा कि ऐसे में अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनाए रखी जाए। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। उल्लेखनीय है कि इस मामले में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति प्रकिया



वर्ष २०१३ में विज्ञापन संख्या ३ जारी करते हुए शुरू की गई थी। एकल पीठ के समक्ष कहा गया था कि यह प्रकिया नौ वर्षों तक ठप रही और अचानक वर्ष २०२२ में एक माह के भीतर नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा कर दिया गया, जिसमें अन्य नियमों का भी ख्याल नहीं रखा गया। एकल पीठ ने १ फरवरी २०२३ के अपने फैसले में कहा कि हमें यह कहने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि विज्ञापन जारी करने के नौ वर्ष बाद की गईं नियुक्तियाँ संविधान के अनुच्छेद १४ का उल्लंघन हैं, वर्ष २०१४ के बाद जिन अभ्यर्थियों ने उक्त पद के लिए योग्यता हासिल की है, उनकी नियुक्ति पर विचार करने से उन्हें सिर्फ इसलिए वंचित कर दिया गया क्योंकि नौ वर्षों तक उक्त विज्ञापन के क्रम में नियुक्ति प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया गया। एकल पीठ ने कहा था कि चयन की पूरी प्रक्रिया ही अविधिक है व संविधान के अनुच्छेद १६ का भी उल्लंघन है। एकल पीठ ने नियुक्तियों को रद् करने के साथ ही नए सिरे से नियमानुसार नियुक्तियों की प्रकिया जल्द पूरी करने का आदेश दिया था।

# मेरठ में निर्माणाधीन कोल्ड स्टोरेज का लेंटर गिरा, ५ की मौत रेस्क्यू जारी

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ में दर्दनाक हादसा होने की बड़ी खबर सामने आई है। यहां निर्माणाधीन कोल्ड स्टोरेज का लेंटर गिरने से ५ लोगों की मौत हो गई है, जबकि, मलबे में कई लोग दब गए। मौके पर रेस्क्यू जारी है। सीएम के निर्देश पर मौके पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी बचाव राहत कार्य के लिए पहुंची है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को मेरठ के थाना दौराला क्षेत्र के जनशक्ति कोल्ड स्टोरेज में ये दर्दनाक हादसा हो गया है। जिस समय ये हादसा हुआ उस समय मौके पर करीब एक दर्जन से ज्यादा मजदूर वहां काम कर रहे थे जो मलबे में दब गए। बताया जा रहा है कि, कोल्ड स्टोरेज में निर्माण कार्य चल रहा था, इसी दौरान लेंटर गिर गया और पूरी बिल्डिंग धराशाई हो गई। मौके पर अभी भी बेहद ही अफरा–तफरी भरा माहौल है। बचाव टीम जेसीबी से मलवा हटाकर मजदूरों को बाहर निकालने में लगी हुई है। ऐसे में माना ये भी जा रहा है कि, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। मेरठ में हुए इस दर्दनाक हादसे पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ दुख जताते हुए हादसे पर संज्ञान लिया है। सीएम ने दुर्घटना में घायलों का समुचित उपचार कराये जाने का आदेश दिया है साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# यूपीपीसीएल पीएफ घोटाला प्रकरण में डीएचएफएल के कपिल और धीरज वधावन की जमानत अर्जी खारिज

लखनऊ। यूपीपीसीएल के कर्मचारियों के जीपीएफ और पीएफ के धन को डीएचएफएल में निवेश कर करोड़ो का घोटाला करने के मामले में आरोपी डीएचएफएल के निदेशक धीरज वधावन व सीएमडी कपिल वधावन जमानत अर्जियों को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश अजय विक्रम सिंह ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि अपराध गम्भीर प्रेंति का है व इस मामले के दूसरे अभियुक्तों की जमानत अर्जियाँ भी खारिज की जा चुकी हैं लिहाजा वर्तमान अभियुक्तों को भी जमानत पर रिहाई नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि यूपीपीसीएल के ४२ हजार कर्मचारियों के जीपीएफ और सीपीएफ के जमा धनराशि में से २२६७ करोड़ रुपये अभियुक्तों ने अब तक वापस नहीं किया है, वहीं अभियुक्तों की कम्पनी दिवालिया भी चुकी है। कोर्ट ने आगे कहा कि अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास है और वे इतने प्रभावशाली भी हैं कि गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। वहीं अभियुक्तों कपिल और धीरज वधावन की ओर से दलील दी गई थी कि यह मामला २ नवम्बर २०१६ को हजरतगंज थाने में सुधांशु द्विवेदी और प्रवीण कुमार गुप्ता के खिलाफ दर्ज किया गया था, बाद में मामला ईओडब्ल्यू को सौप दिया गया। कहा गया ईओडब्ल्यू ने मामले में चार्जशीट लगाई लेकिन उसमें वर्तमान अभियुक्तों को आरोपी नही बनाया गया। कहा गया कि २० फरवरी २०२० को मामले की विवेचना सीबीआई को दी गई, सीबीआई ने भी मामले में पूरक चार्जशीट दायर की लेकिन उसमें भी उन्हें आरोपी नही बनाया गया। आगे कहा गया कि सीबीआई ने आरोपियों को इस मामले में प्रोडक्शन वारंट के जरिये तलब कर के २६ मई २०२२ को मामले में निरुद्ध किया गया। पत्रावली के अनुसार इस मामले की शुरुआती जांच में पता चला था कि यूपीपीसीएल कर्मचारियों के भविष्य निधि का कुल २६३१. २० करोड़ की राशि का दुरुपयोग किया गया है। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के बावजूद यूपीपीसीएल कर्मियो के भविष्य निधि के धन को डीएचएफएल में निवेश करके करोड़ो का कमीशन प्राप्त किया गया।

# अप्रेन्टिसशिप के लिए लखनऊ में कौशल महोत्सव का होगा आयोजन

लखनऊ। प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाने समेत सभी सेक्टर्स में रोजगार और अप्रेन्टिसशिप के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ में आगामी ४ और ५ मार्च को दो दिवसीय कौशल महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। युवक–युवतियों को कंपनियों से जुड़ने,जब,अप्रेन्टिसशिप पाने का यह सुनहरा अवसर मिलेगा। कौशल महोत्सव में २० सेक्टर्स की १०० से अधिक कम्पनियां भाग लेंगी जिसमें १० हजार से अधिक युवाओं को काउंसलिंग, प्री–स्क्रीनिंग, मॉटिवेशनल सेशन, कई करियर पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी देगी। इस कार्यक्रम के जरिये अप्रेंटिसशिप,करियर काउंसलिंग भी कराई जायेगी। ये जानकारी सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा के युवा नेता नीरज सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि देश के रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह की प्रेरणा से लखनऊ के कॉल्विन तालुकदार कालेज में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। यह कार्यक्रम सुबह ६ से सायं ५ बजे तक चलेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व केन्द्रीय मंत्री धमेन्द्र प्रधान करेंगे वहीं समापन प्रदेश के मुख्यमंत्री




योगी आदित्यनाथ करेंगे। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने अपने स्ट्रेटेजिक इम्प्लीमेन्टेशन और नॉलेज पार्टनर, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के साथ श्रम और रोजगार मंत्रालय और प्रदेश सरकार के सहयोग से यह कार्यक्रम किया जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एनएसडीसी के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेन्ट (स्ट्रेटेजी) डॉ. मनीष मिश्रा ने कहा कि, "४ और ५ मार्च को होने वाले इस कौशल महोत्सव से उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर को एक मजबूती मिलेगी। महोत्सव में युवाओं को सिर्फ रोजगार ही नहीं मिल रहा है बल्कि उनके पास अप्रेंटिस का भी एक बहुत बड़ा अवसर होगा। अभी तक १८,००० हजार से अधिक उम्मीद्वार कौशल महोत्सव के लिए रजिस्टर कर चुके हैं।" उन्होंने बताया कि कौशल महोत्सव में मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव में ऑटोमोटिव, लॉजिस्टिक्स, प्रोडक्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स, अपैरल और टूरिज्म जैसे सेक्टर्स की भागीदारी होगी और इसमें १०८ इमरजेंसी सर्विसेज, जी–४एस,एलएनटी कंस्ट्रक्शन, पोर्टियाहील एट होम, अपोलो होम केयर, जेबीएम, एचडीबी फाइनेंशियल, एचडीएफसी लाइफ इन्श्योरेन्स, वेलस्पन, बारबेक्यू नेशन जैसी कम्पनियां शामिल होंगी। उम्मीदवारों के लिए लगभग ३०,००० वैकेन्सी हैं, और १०,१०५ से अधिक उम्मीदवार पहले ही महोत्सव के लिए रजिस्टर हो चुके हैं, जो १०० से अधिक कंपनियों द्वारा २० से अधिक सेक्टर्स में वैकेन्सी का लाभ उठा पाएंगे। इस अवसर पर आनंद द्विवेदी उपाध्यक्ष भाजपा, पीके पुंडीर डेप्युटी डायरेक्टर डिपार्टमेंट अफ लेबर एंड एंप्लयमेंट, पंखड़ुरी बोरगोहाईं जनरल मैनेजर राष्ट्रीय कौशल विकास निगम ने लखनऊ कौशल महोत्सव को लेकर जानकारी दी । रोजगार पाने के के लिए ऐसे करें आवेदन,१८ वर्ष होनी चाहिये न्यूनतम आयु सीमा आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु १८ वर्ष होनी चाहिए और उम्मीदवारों को अपने रिज्यूमे, आधार कार्ड और पासपोर्ट आकार की तस्वीरों की एक प्रति संबंधित स्थानों पर ले जानी चाहिए। जॉब के लिए आवेदन करने के लिए, उम्मीदवार कौशल महोत्सव की वेबसाइट https://kaushalmahotsav-nsdcdigital-org/पर निरूशुल्क रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन से लेकर कम्पनियों द्वारा ऑन द स्पॉट ऑफर लेटर प्रदान किए जाने तक की पूरी प्रक्रिया निरूशुल्क है। उम्मीदवार खाद्य और कृषि, परिधान, ऑटोमोटिव, बीएफएसआई और कई अन्य सेक्टर्स में पोर्टल पर सूचीबद्ध विभिन्न जॉब रोल्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ, मॉटिवेशनल स्पीकर्स और कैरियर सलाहकार भी शामिल होंगे, जो उम्मीदवारों को आगे बढ़ने के लिए निर्णय लेने में सहायता करेंगे।

# दोषी साबित होते ही अतीक की पत्नी को बसपा से निकाल देंगेः मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि प्रयागराज में राजू पाल हत्याकांड के गवाह और उसके एक सुरक्षाकर्मी की हत्या के मामले में सूत्रधार बताए जा रहे पूर्व सांसद अतीक अहमद की पत्नी को जांच में दोषी साबित होते ही बसपा से निष्कासित कर दिया जाएगा। अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन इस वक्त बसपा में है। राजू पाल हत्याकांड के अहम गवाह उमेश पाल और उसके सुरक्षाकर्मी की हत्या के मामले में परवीन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले में अतीक अहमद उसके दो बेटे भी अभियुक्त हैं। मायावती ने सोमवार को सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि प्रयागराज में राजू पाल की वर्षों पहले हुई हत्या के मामले में अहम गवाह अधिवक्ता उमेश पाल और उनके सुरक्षाकर्मी की हत्या के आरोप में अतीक अहमद के बेटे एवं उनकी पत्नी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किए जाने की भी सूचना प्रकाशित हुई है। बसपा ने इसका गम्भीरता से संज्ञान लेते हुये यह निर्णय लिया है कि इस मामले में जारी जांच में इनके दोषी साबित होने पर अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन को पार्टी से जरूर निष्कासित कर दिया जायेगा। बसपा अध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर अतीक



अहमद को प्रश्रय देने का आरोप लगाते हुए एक अन्य ट्वीट में कहा कि यह बात भी सर्वविदित है कि अतीक अहमद समाजवादी पार्टी का ही 'प्रोडक्ट' है, जिस पार्टी से वह सांसद और विधायक भी रहा है। अब राजू पाल की पत्नी भी बसपा से सपा में चली गयी है, जिस पार्टी को वह मुख्य दोषी ठहराती थी। इसलिए इसकी आड़ में कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं है। मायावती ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि यह भी विदित है कि किसी भी अपराध की सजा बसपा द्वारा उनके परिवार एवं समाज के किसी भी निर्दोष व्यक्ति को नहीं दी जाती है। लेकिन यह भी सच है कि पार्टी किसी भी जाति एवं धर्म के आपराधिक तत्व को बढ़ावा नहीं देती है। वर्ष २००५ में बसपा के तत्कालीन विधायक राजू पाल की हत्या के मामले में अहम गवाह रहे उमेश पाल और उसके सुरक्षाकर्मी की पिछली २४ फरवरी को प्रयागराज में दिनदहाड़े बम और गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। माफिया राजनेता अतीक अहमद राजू पाल हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त है और वह इस वक्त गुजरात की एक जेल में बंद है। पाल की पत्नी जया की शिकायत पर प्रयागराज के धूमनगंज थाने में अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ, पत्नी शाइस्ता उसके दो बेटों तथा साथियों गुड्डू और गुलाम तथा नौ अन्य के खिलाफ हत्या समेत कई गंभीर आरोपों में मामला दर्ज किया गया है।

# कमल का पटका पहने इंस्पेक्टर का फोटो वायरल

लखनऊ। जिला पीलीभीत के थाना गजरौला में आयोजित विदाई समारोह के दौरान कमल निशान का भगवा पटका गले में डालने पर घिरे मौजूदा पूरनपुर कोतवाल आशुतोष रघुवंशी का फोटो वायरल होने के बाद राजनीति गरमा गई है। पूर्व आईपीएस एवं अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने इसे अनुशासन एवं आचरण नियमावली का उल्लंघन बताते हुए प्रदेश की योगी सरकार पर तंज कसा है। उनका कहना है कि और यह दर्शाता है कि सत्ताधारी पार्टी का दबाव उत्तर प्रदेश पुलिस पर कितना बढ़ गया है। हालांकि शासन स्तर तक मामले का शोर पहुंचने के बाद अब अधिकारी हरकत में आए हैं। वहीं पीलीभीत के एसपी अतुल शर्मा ने भी पूरे प्रकरण की जांच सीओ सिटी सतीश चंद्र शुक्ला को सौंपी है। जिसके बाद इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी की मुश्किलें बढ़ती दिखाई दे रही हैं। उधर, यूपी कांग्रेस, सपा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा समेत कई अन्य दलों के नेताओं ने भी इस फोटो को ट्वीट किया है। मामला आला अधिकारियों तक पहुंचने के बाद खलबली मच गई है। यह मामला संज्ञान में आया है। इसे गंभीरता से लेते हुए सीओ सिटी को जांच दे दी गई है।

# यूपी बोर्ड १०वीं विज्ञान विषय की परीक्षा में सख्ती, JD और DIOS ने ग्रामीण क्षेत्र के केन्द्रों का किया निरीक्षण

खनऊ। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट २०२३ के क्रम में सोमवार को दसवीं विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित हुई। अहम विषय की परीक्षा होने के नाते लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों में बने परीक्षा केन्द्रों का जेडी माध्यमिक लखनऊ मंडल सुरेन्द्र तिवारी और गई। राजधानी के माल ब्लाक क्षेत्र में बने परीक्षा केन्द्रों का सुबह की पाली में गहन निरीक्षण किया गया। यहां बने महाबली हसनपुर मेमोरियल इंटर कॉलेज में डीआईओएस ने सभी रूम को चेक किया। वहीं जेडी माध्यमिक सुरेन्द्र तिवारी ने केन्द्र पर सीसी टीवी



जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने परीक्षा शुरू होते ही केन्द्रों पर पहुंचे। पहले वह ज्ञान दीप पब्लिक इंटर कॉलेज पहुंचे यहां डीआईओएस और जेडी ने केन्द्र की व्यवस्था के साथ कक्षनिरीक्षकों की उपस्थित को भी चेक किया। इस दौरान कुछ परीक्षार्थी पास बैठे थे उनको दूर–दूर बैठने का निर्देश दिया गया। यहां तैनात सभी कक्षनिरीक्षक समय से पहुंचे थे। वहीं लगबुक और केन्द्र बने कंट्रोलरूम को भी चेक किया गया। डीआईओएस ने बताया कि राजीव गांधी मेमोरियल इंटर कलेज में भी निरीक्षण किया गया यहां सीसी टीवी में रिकार्ड प्रश्नपत्रों की वितरण की प्रक्रिया की फुटेज को देखा गया। साथ ही कक्षनिरीक्षकों की उपस्थित पूर्ण रूप से पाई कैमरे की व्यवस्था को परखा। जेडी ने केन्द्र व्यवस्थापक को निर्देश देते हुए कहा कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही एसकेडीएम इंटर कलेज सैदपुर और एसपी सिंह इंटर कॉलेज का भी निरीक्षण किया गया। डीआईओएस राकेश कुमार ने निरीक्षण के दौरान कक्षनिरीक्षकों के पास भी चेक किए। गोडवा बरौकी इंटर कलेज में मौजूद कक्षनिरीक्षकों के कार्ड भी चेक किए गये। इस दौरान दो कक्षनिरीक्षकों के कार्ड गले में पहनने की बजाय जेब में रखा था उनको फटकार भी लगाई। डीआईओएस ने केन्द्र व्यवस्थापक को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी कक्षनिरीक्षक बिना आइडी कार्ड के पाया गया तो कार्रवाई होगी।

# तकनीकी शिक्षा में यूपी को बनाएंगे नंबर वन : योगी


लखनऊ। वोकेशनल एजुकेशन में प्रदेश को आगे ले जाने के उद्देश्य से योगी सरकार ने टाटा ग्रुप के साथ एक मेमोरेंडम अफ अंडरस्टैंडिंग पर रविवार को हस्ताक्षर किये। इस मौके पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में वोकेशनल एजुकेशन, मेडिकल एजुकेशन और दूसरे तकनीकी पाठ्यक्रमों में शिक्षा पद्धति को बदल कर उत्तर प्रदेश को देश में हम नंबर एक बनाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि टाटा ग्रुप के साथ हुए एमओयू के जरिये आने वाले ४२८२ करोड़ रुपये के निवेश से प्रदेश की १५० इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के उन्नयन का काम किया जाएगा। सीएम ने कहा कि इस एमओयू की अवधि १० वर्ष ६ माह है। जिसमें ८८ फीसदी का सहयोग टाटा ग्रुप और १२ फीसदी



का सहयोग यूपी का कौशल विकास विभाग करेगा। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश की सरकारी प्ज्ञ् में नए लैब, उपकरण और अच्छे प्रशिक्षकों की व्यवस्था की जायेगी। इसके साथ ही वोकेशनल पाठ्यक्रमों में भी इंडस्ट्री ओरिएंटेड न्यू ऐज कोर्स का समावेश किया जाएगा। सीएम योगी ने बताया कि इस एमओयू के जरिये प्रतिवर्ष ३५००० युवाओं को टाटा ग्रुप की विभिन्न सब्सिडिरी में सेवा देने के लिए चयनित किया जाएगा। युवाओं को इन कंपनियों में पेड इंटर्नशिप और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्किल्ड वर्क फोर्स को तैयार कर आने वाले निवेश के जरिये रोजगार देने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। सीएम योगी ने एमओयू पर हस्ताक्षर करने के लिए टाटा ग्रुप और कौशल विकास विभाग को बधाई दी।

# किशोर कुमार की बायोपिक में काम करेंगे रणबीर कपूर


मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर महान गायक—अभिनेता दिवंगत किशोर कुमार की बायोपिक में काम करते नजर आ सकते हैं। रणबीर कपूर ने संजय दत्त की बायोपिक में काम किया था। बलीवुड में इन दिनों चर्चा है कि रणबीर कपूर अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली की बायोपिक में काम करने जा रहे हैं। रणबीर कपूर ने बताया, मुझे लगता है कि दादा (सौरव गांगुली)



न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में लीविंग लीजेंड है। उन पर एक बायोपिक बहुत खास होगी। मुझे यह फिल्म अफर नहीं हुई है। मुझे लगता है कि लव फिल्म्स के निर्माता अभी भी पटकथा लिख रहे है। रणबीर कपूर ने बताया, मैं ११ साल से किशोर कुमार की बायोपिक पर काम कर रहा हूं। हम इसे अनुराग बसु के साथ लिख रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि यह मेरी अगली बायोपिक होगी।

# बॉलीवुड का बहिष्कार निराधार, फिल्में मनोरंजन के लिए बनाई जाती हैं : रणबीर कपूर

मुंबई। अभिनेता रणबीर कपूर ने सोशल मीडिया पर बॉलीवुड का बहिष्कार करने वाले आह्वान को निराधार बताया है। रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'तू झूठा मैं मक्कार' आठ मार्च को रिलीज होने वाली है। अपनी नवीनतम फिल्म का प्रचार करने के लिए रविवार को शहर में आए अभिनेता ने उन खबरों का भी खंडन किया कि उन्हें क्रिकेटर सौरव गांगुली के जीवन पर आधारित फिल्म की पेशकश की गई थी। उन्होंने



पत्रकारों को बताया, यदि आप मुझसे 'बॉलीवुड का बहिष्कार' के बारे में किसी भी आह्वान के बारे में पूछते हैं, तो मुझे वह वास्तव में निराधार लगता है। महामारी के बाद बहुत सारी नकारात्मक बातें सामने आ रही हैं। फिल्में मनोरंजन के उद्देश्य से बनाई जाती हैं, हम दुनिया को नहीं बचा रहे हैं। इसलिए दर्शक चिंता भुलाने के लिए सिनेमाघरों में आते हैं। वे बड़े पर्दे पर फिल्में देखने और अच्छा वक्त बिताने आते हैं। मैं बहिष्कार की बात नहीं जानता (समझता)।

# शिल्पा शेट्टी ने शेयर किया मोटिवेशन पोस्ट

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने सोशल मीडिया पर मोटिवेशन पोस्ट शेयर किया है। शिल्पा अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी फिटनेस वीडियो और तस्वीरें शेयर करती हैं। इसी बीच शिल्पा ने मंडे मोटिवेशन वीडियो फैंस के साथ शेयर की है, जिसमें



वह वर्क आउट और डांस साथ में करती हुई नजर आ रही हैं। शिल्पा ने इस वीडियो के साथ लंबा कैप्शन शेयर किया है, जिसमें उन्होंने लिखा, श्श्अब गाने में बाजीगर कुछ अलग है, तो मंडे मोटिवेशन भी तो कुछ अलग होना चाहिए! आज का रुटीन सिर्फ एक मजेदार कार्डियो स्टेप—वर्कआउट है, जिसमें थोड़ा सा 'एसएसके ट्विस्ट' यानी शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ट्विस्ट जोड़ा गया है। यह खासकर कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम और पैरों की फिटनेस पर काम करता है। इसके लिए समय निकाल लें। उदाहरण के लिए इसे ६०७६०७ १२० सेकंड ५ बार या उससे ज्यादा. प्लेटफॉर्म पर नजर रखना याद रखें, जिससे आप उस पर ठोकर न खाएं और अपने फिटनेस के अनुसार प्लेटफर्म की ऊंचाई का इस्तेमाल करें। मैंने इसे ४ प्लेटफर्म पर किया है. यदि आप इसे आजमाते हैं, तो इस रील को मेरे साथ रीमिक्स करें और मुझे टैग करना न भूलें. हैप्पी मंडे।

# दरोगा पर रेप व ब्लैकमेल का आरोप, पीड़िता ने कहा नशीला पदार्थ पिलाकर वीडियो बनाया


लखनऊ। लखनऊ में पूर्व में तैनात एक दरोगा पर विकास नगर थाना क्षेत्र की एक महिला से दुष्कर्म का आरोप लगा है। आरोपी ने पीड़िता से दोस्ती की और उसे कृष्णा नगर में अपने घर बुलाया, जहां इंस्पेक्टर ने अपनी पत्नी के साथ मिलीभगत कर उसे नशीला पदार्थ मिलाकर शीतल पेय पिलाया और बाद में नग्न अवस्था में उसका वीडियो बना लिया। पीड़िता ने कहा, वीडियो फिल्माए जाने के बाद से, वह मुझे ब्लैकमेल करता रहा और सामग्री को हटाने का वादा करते हुए मेरा बलात्कार करता रहा। उसने मेरे साथ कई बार बलात्कार किया और अप्राकृतिक यौन संबंध बनाए। मैं गर्भवती हो गई। उसने मेरे एक महीने के बच्चे को छीन लिया। अब वह धमकी देता है कि अगर मैंने उसके खिलाफ कोई शिकायत दर्ज कराई तो वह बच्चे को जान से मार देगा। वह मुझे ब्लैकमेल कर रहा है और बलात्कार कर रहा है। कोई भी मेरा आवेदन लेने



और मामला दर्ज करने के लिए तैयार नहीं है। डीसीपी, उत्तरी कासिम आबिदी ने इंस्पेक्टर और उनकी पत्नी के खिलाफ केस दर्ज करने की बात कही और कहा कि आरोपी निरीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक विभाग में स्थानांतरण से पहले लखनऊ में तैनात था। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया है।

## कार्तिक आर्यन के साथ आशिकी ३ में काम करेंगी सारा अली खान!

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान आशिकी ३ में कार्तिक आर्यन के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। कार्तिक आर्यन सुपरहिट फिल्म आशिकी के तीसरे



संस्करण 'आशिकी ३— में मुख्य भूमिका निभाते नजर आयेंगे। फिल्म मेकर्स कई दिनों से आशिकी ३ के लिये अभिनेत्री की तलाश कर रहे थे। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में सारा अली खान और कार्तिक आर्यन एक साथ नजर आ सकते हैं। यदि सारा आशिकी ३ में काम करेंगी तो यह कार्तिक—सारा की एक साथ दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले दोनों इम्तियाज अली की फिल्म 'लव आज कल २' में साथ नजर आए थे।

## हेरा फेरी ३ में राजू, श्याम और बाबूराव की तिगड़ी में लगेगा संजय दत्त की एंट्री तड़का

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त हेराफेरी ३ में काम करते नजर आ सकते हैं। अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल की तिकड़ी 'हेरा फेरी ३' में नजर आयेगी। कहा जा रहा है कि हेरा फेरी ३ में



संजय दत्त की भी एंट्री हो गई है। बताया जा रहा है कि फिल्म में संजय नेगेटिव रोल में नजर आने वाले है। संजय दत फिल्म में एक विलेन की भूमिका निभाएंगे। फिल्म में वह विलेन के साथ—साथ एक अंधे व्यक्ति के किरदार में नजर आएंगे। उनका किरदार काफी विचित्र होने वाला है। फिल्म के निर्माताओं को लगा कि वह इस भूमिका के लिए संजय दत्त परफेक्ट साबित होंगे।


हमारे अन्य प्रतिनिधि

संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370

प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार

सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक

सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289

मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ०प्र० से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566



सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक